भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2095
सोमवार, 5 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन संबंधी आंकड़े

†2095. श्री के. ई. प्रकाशः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने मई 2024 के लिए पर्यटन आंकड़े जारी किए हैं, जिनमें विदेशी पर्यटकों के आगमन और विदेशी मुद्रा आय का उल्लेख किया गया है;

(ख) यदि हां, तो पिछले वर्ष की तुलना में इन आंकड़ों में देखे गए प्रमुख आंकड़ों और रुझानों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) वे रुझान देश में पर्यटन क्षेत्र की समग्र आर्थिक वृद्धि और विकास को किस प्रकार प्रभावित करते हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): जी हां, पर्यटन मंत्रालय ने मई, 2024 के पर्यटन आंकड़े जारी किए हैं जिनकी मुख्य विशेषताएं नीचे दी गई हैं:

(i) मई, 2023 में 5.98 लाख की तुलना में मई, 2024 में विदेशी पर्यटकों का आगमन (एफटीए) 6.00 लाख था, इसमें 2023 के सापेक्ष 0.3% की वृद्धि दर्ज हुई है ।

(ii) जनवरी-मई, 2024 की अवधि के दौरान एफटीए जनवरी-मई 2023 में 37.32 लाख की तुलना में 40.72 लाख था, इसमें 2023 के सापेक्ष 9.1% की वृद्धि दर्ज हुई है ।

(iii) मई 2024 के माह के दौरान विदेशी मुद्रा आय (एफईई) मई 2023 में 17,206 करोड़ रु. की तुलना में 17,762 करोड़ रु. थी, इसमें 2023 के सापेक्ष 3.23% की वृद्धि दर्ज हुई है।

(iv) जनवरी-मई 2024 की अवधि के दौरान एफईई जनवरी-मई 2023 में 88,441 करोड़ रु. की तुलना में 1,08,362 करोड़ रु. थी, इसमें 2023 के सापेक्ष 22.52% की वृद्धि दर्ज हुई है ।

दर्शाए गए रुझान देश में पर्यटन क्षेत्र की समग्र आर्थिक वृद्धि और विकास पर सकारात्मक प्रभाव को दर्शाते हैं । ये आंकड़े विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) और विदेशी मुद्रा आय (एफईई) में लगातार वृद्धि दर्शाते हैं जो एक मजबूत और बढ़ते पर्यटन उद्योग के लक्षण हैं ।

*****